प्रस्ताव

# 34 निश्चित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रिस्क्रिप्शन दवा से प्राप्त होने वाले राजस्वों को खर्च करने पर प्रतिबंध लगाता है। पहल विधान।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 102 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- यह अपेक्षा करता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संघीय छूट प्रिस्क्रिप्शन दवा प्रोग्राम से प्राप्त होने वाले 98% राजस्व को प्रत्यक्ष रूप से मरीज़ देखभाल पर खर्च करने के विनिर्दिष्ट मानदंड को पूरा करें।
- केवल उन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लागू होता है जिन्होंने: (1) प्रत्यक्ष मरीज़ देखभाल की बजाए किसी अन्य चीज़ पर किसी भी दस वर्ष की अवधि में $100,000,000 से ज़्यादा का खर्च किया है; और (2) ऐसे बहु-परिवार वाले आवासों का प्रचालन किया है जिसके बारे में कम से कम 500 उच्च गंभीरता वाले स्वास्थ्य और सुरक्षा उल्लंघन सूचित किए गए हैं।
- स्वास्थ्य देखभाल लाइसेंसों और टैक्स से छूट की स्थिति को रद्द करके खर्च करने के प्रतिबंधों के साथ अनुपालन न करने को दंडित करता है।
- राज्य को राज्यव्यापी आधार पर Medi-Cal दवा की कीमतों पर मोल-भाव करने के लिए स्थायी रूप से प्राधिकृत करता है।

### राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- निश्चित स्वास्थ्य सेवा संस्थाओं पर नए नियम लागू करने के लिए राज्य की लागतों में वार्षिक रूप से संभवतया कई मिलियन डॉलर की वृद्धि। प्रभावित संस्थाएँ इन लागतों की भरपाई करने के लिए शुल्कों का भुगतान करेंगी।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

34

## परिप्रेक्ष्य

### MEDI-CAL में दवाओं की कवरेज

***Medi-Cal कम आय वाले लोगों के लिए प्रिस्क्रिप्शन दवाओं के लिए भुगतान करता है।*** Medi-Cal एक संघीय-राज्य प्रोग्राम है जो कम आय वाले लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है। इस कवरेज में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की लागत भी शामिल है।

***Medi-Cal में दवाओं के भुगतान के लिए एक नया तरीका है।*** 2019 से पहले, Medi-Cal प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की लागत का भुगतान अलग-अलग तरीकों से करता था। 2019 में, राज्य ने "Medi-Cal Rx" नामक एक ही तरीका अपनाया। Medi-Cal Rx संभवतः राज्य के पैसे बचाता है क्योंकि Medi-Cal अधिक रियायती कीमतों पर दवाओं का भुगतान करता है।

***नया तरीका राज्य के कानून में नहीं है।*** Medi-Cal Rx राज्य कानून में प्रतिबिंबित नहीं होता है, लेकिन Medi-Cal में दवाओं के भुगतान के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है।

### संघीय दवाओं में छूट प्रोग्राम

***संघीय प्रोग्राम विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को दवाओं पर छूट देता है।*** एक संघीय प्रोग्राम में, दवा निर्माता अस्पतालों, क्लीनिकों और अन्य प्रदाताओं को अपनी दवाओं पर छूट देते हैं। इन छूटों के लिए योग्य होने के लिए, प्रदाताओं को कुछ नियमों को पूरा करना होगा। योग्य प्रदाता सार्वजनिक या निजी गैर-लाभकारी संस्थाएँ हैं जो कम आय वाले लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। (इन सार्वजनिक और निजी गैर-लाभकारी संस्थाओं को आम तौर पर अपने राजस्व पर टैक्स का भुगतान करने से छूट मिलती है।)

***प्रदाता संघीय छूट से राजस्व अर्जित करते हैं।*** प्रदाता संघीय दवा छूट प्रोग्राम से असल राजस्व अर्जित करते हैं। वे स्वास्थ्य सेवा के भुगतानकर्ताओं (जैसे निजी स्वास्थ्य

प्लैनों और सरकारी प्रोग्राम) से दवाएँ उपलब्ध कराने की लागत से ज़्यादा शुल्क लेकर ऐसा करते हैं। लेकिन, प्रदाता आम तौर पर Medi-Cal में इन दवाओं पर असल राजस्व नहीं कमाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्य कानून प्रदाताओं को Medi-Cal से दवा की छूट वाली कीमत से ज़्यादा शुल्क लेने से रोकता है।

***प्रदाता तय करते हैं कि राजस्व कैसे खर्च करना है।*** संघीय सरकार के अनुसार, संघीय दवा छूट प्रोग्राम का उद्देश्य योग्य प्रदाताओं को सेवाएँ बढ़ाने और कम आय वाले ज़्यादा मरीज़ों की सेवा करने में सक्षम बनाना है। प्रदाता मरीज़ों को दी जाने वाली सेवाओं पर अपना असल राजस्व खर्च करके ऐसा कर सकते हैं। संघीय और राज्य कानून, लेकिन, सीधे तौर पर यह प्रतिबंधित नहीं करते कि प्रदाता संघीय दवा छूट से प्राप्त हुए अपने राजस्व को कैसे खर्च करते हैं।

### राज्य लाइसेंसिंग

***स्वास्थ्य सेवा संस्थाओं को लाइसेंस प्राप्त होना करना ज़रूरी होता है।*** स्वास्थ्य सेवा संस्थाओं को राज्य में सेवाएँ प्रदान करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना ज़रूरी होता है। कई विभाग स्वास्थ्य सेवा संस्थाओं को लाइसेंस देते हैं, जैसे कि प्रबंधित स्वास्थ्य सेवा विभाग (अधिकांश स्वास्थ्य प्लैनों के लिए) और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (अस्पतालों, क्लीनिकों और कुछ अन्य प्रकार के सुविधा-स्थलों के लिए)।

***लाइसेंस प्राप्त संस्थाओं को कुछ नियमों का पालन करना ज़रूरी होता है।*** लाइसेंस प्राप्त संस्थाओं को कुछ नियमों का पालन करना ज़रूरी होता है। उदाहरण के लिए, वे ऐसे कामों में शामिल नहीं हो सकती जो गैर-पेशेवर, बेईमान या सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए हानिकारक हो। इन नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्था को दंड का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें उसका लाइसेंस खोना भी शामिल है (जिसका अर्थ है कि संस्था अब स्वास्थ्य सेवा संस्था के रूप में काम नहीं कर सकती)।

## प्रस्ताव

***प्रतिबंधित करता है कि विशिष्ट संस्थाएँ संघीय छूट से मिले राजस्व को कैसे खर्च करती हैं।*** प्रस्ताव 34 विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा संस्थाएँ संघीय दवा में छूट प्रोग्राम से मिले राजस्व को कैसे खर्च करती है, इसके बारे में नए नियम बनाता है। विशेष रूप से, संस्थाओं को California में अर्जित अपने असल राजस्व का कम से कम 98 प्रतिशत सीधे मरीज़ों को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं ("प्रत्यक्ष मरीज़ देखभाल") पर खर्च करना होगा। जैसा कि चित्र 1 दिखाता है, ये नियम केवल उन संस्थाओं ("प्रभावित संस्थाएँ") पर लागू होते हैं जो कुछ शर्तों को पूरा करती हैं।



चित्र 1

### प्रतिबंध केवल तभी लागू होंगे जब चार शर्तें पूरी होती हों

**प्रस्ताव 34के प्रतिबंध किसी स्वास्थ्य देखभाल संस्था पर लागू होते हैं यदि वह:**

- संघीय दवा छूट कार्यक्रम में भाग लेती है।
- California में स्वास्थ्य प्लैन, फार्मेसी या क्लिनिक के रूप में काम करने के लिए लाइसेंस है (या कभी हुआ करता था), या Medi-Cal या Medicare के साथ कुछ अनुबंध हैं।
- दस वर्ष की अवधि में इसने प्रत्यक्ष मरीज़ देखभाल के अलावा अन्य उद्देश्यों पर $100 मिलियन से अधिक खर्च किया।
- "उच्च" गंभीरता स्तर वाले कम से कम 500 उल्लंघनों वाली बहु-परिवार आवास यूनिटों का स्वामित्व और संचालन करता है (या पहले स्वामित्व और संचालन कर चुका है)।

प्रस्ताव 34 के पूर्ण टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 102 देखें।

***प्रभावित संस्थाओं को वार्षिक रूप से राज्य को रिपोर्ट करना आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 34 के अनुसार प्रभावित संस्थाओं को हर वर्ष (सालाना) राज्य को कुछ जानकारी रिपोर्ट करना आवश्यक बनाता है। प्रभावित संस्थाओं को यह रिपोर्ट करना होगा कि उन्होंने California और देश भर में संघीय दवा में छूट प्रोग्राम से कितना राजस्व अर्जित किया और उन्होंने इस राजस्व को कैसे खर्च किया। राज्य इस जानकारी का इस्तेमाल नए नियमों के अनुपालन को निर्धारित करने में सहायता के लिए करेगा। प्रस्ताव राज्य को प्रभावित संस्थाओं पर अपने प्रवर्तन लागतों को कवर करने के लिए शुल्क लगाने की अनुमति देता है। प्रस्ताव 34 के तहत, प्रभावित संस्थाएँ जो समय पर और सटीक जानकारी नहीं देती हैं, वे ऐसे कामों में शामिल होंगी जो गैर-पेशेवर, बेईमान या सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए हानिकारक है।

***नियमों का उल्लंघन करने पर दंड स्थापित करता है।*** जैसा कि चित्र 2 दिखाता है, प्रस्ताव 34 नए नियमों का उल्लंघन करने पर चार दंड स्थापित करता है। यदि प्रभावित संस्थाएँ संघीय छूट से मिले अपने असल राजस्व के 98 प्रतिशत से कम प्रत्यक्ष मरीज़ देखभाल पर खर्च करती हैं, तो चारों दंड लागू होंगे। यदि प्रभावित संस्थाएँ ऐसे आचरण में शामिल होती हैं जो गैर-पेशेवर, बेईमान या सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए हानिकारक है, तो भी दंड लागू होंगे।

***राज्य कानून में दवाओं के भुगतान के लिए Medi-Cal के दृष्टिकोण को जोड़ता है।*** प्रस्ताव 34 राज्य कानून में Medi-Cal Rx को जोड़ता है। चूंकि Medi-Cal Rx पहले से ही प्रभावी है, इसलिए प्रस्ताव Medi-Cal द्वारा दवाओं के भुगतान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मौजूदा दृष्टिकोण को नहीं बदलता है।

## राजकोषीय प्रभाव

***इसका राज्यव्यापी राजकोषीय प्रभाव सीमित है।*** प्रस्ताव 34 के तहत, संभवतः कुछ ही संस्थाएं चित्र 1 में वर्णित शर्तों को पूरा करेंगी। हालांकि, प्रभावित संस्थाओं की सटीक संख्या ज्ञात नहीं है। क्योंकि कुछ ही संस्थाएं प्रभावित होंगी, इसलिए प्रस्ताव का राज्यव्यापी राजकोषीय प्रभाव (नीचे वर्णित) सीमित होगा।

***नए शुल्कों से भुगतान की गईं राज्य प्रवर्तन लागतों को बढ़ाता है।*** प्रस्ताव 34 नए प्रतिबंधों को लागू करने के लिए राज्य की लागतों को बढ़ाएगा। ये लागतें संभवतः हर वर्ष मिलियनों डॉलर में होंगी। राज्य प्रभावित संस्थाओं पर शुल्क लगाकर इस लागत को कवर करेगा।

34

चित्र 2

### प्रस्ताव 34 चार दंड स्थापित करता है

**दस सालों के लिए:**

- संस्था California टैक्स-मुक्त स्थिति को गंवा देती है।
- संस्था लाइसेंस गंवा देती है।
- संस्था राज्य और स्थानीय सरकार से अनुबंध या अनुदान प्राप्त नहीं कर सकती।
- संस्था के अग्रणी California स्वास्थ्य प्लैन, फार्मेसी या क्लिनिक में नेतृत्व की भूमिका पर कार्यरत नहीं हो सकते।

***अन्य राजकोषीय प्रभाव हो सकते हैं।*** प्रस्ताव 34 के अन्य अनिश्चित राजकोषीय प्रभाव हो सकते हैं, जैसे:

- ***प्रत्यक्ष मरीज़ देखभाल पर बढ़े हुए खर्च से बचत।*** कुछ प्रभावित संस्थाएँ प्रस्ताव 34 का अनुपालन करने के लिए प्रत्यक्ष मरीज़ देखभाल पर खर्च बढ़ा सकती हैं। यदि इस वृद्धि के परिणामस्वरूप Medi-Cal मरीज़ों पर अधिक खर्च होता है, तो राज्य को बचत हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।
- ***कम संघीय दवा में छूटों से होने वाली लागतें।*** प्रभावित संस्थाओं को शुल्क का भुगतान करना होगा और राज्य को हर वर्ष रिपोर्ट देनी होगी। कुछ संस्थाएँ इन ज़रूरतों से बचने के लिए अपने संचालनों को बदल सकती हैं। उदाहरण के लिए, वे संघीय छूट प्रोग्राम में भाग लेना बंद कर सकती हैं। उस हद तक जब तक इससे Medi-Cal प्रोग्राम में कम संघीय छूट दी जाती है, राज्य की लागतें होगीं।
- ***नियमों का उल्लंघन करने से होने वाले राजकोषीय प्रभाव।*** यदि कोई प्रभावित संस्था प्रस्ताव 34 के प्रतिबंधों का उल्लंघन करती है या बुरे आचरण में शामिल होती है, तो उसे दंड का सामना करना पड़ेगा (जैसे कि दस वर्षों के लिए उसकी कर-छूट स्थिति और उसके स्वास्थ्य सेवा लाइसेंस का ज़ब्त हो जाना)। ये दंड उसका व्यवसाय बंद करवा सकते हैं। इससे राज्य टैक्स राजस्व, Medi-Cal पर राज्य का खर्च या अन्य राज्य और स्थानीय सरकारी कार्यक्रमों पर खर्च प्रभावित हो सकता है। राजकोषीय प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी प्रभावित संस्थाएँ दंड का सामना करती हैं।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2024-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**